<u>नई मंजिलों की ओर कदम: वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग का भव्य फेयरवेल</u>

दिनांक 5 मई 2026 को अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग द्वारा यू जी एवं पी जी फाइनल के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ गवर्निंग बॉडी) एवं श्री दिनेश कुमार गुप्ता (महासचिव, अग्रवाल कॉलेज गवर्निंग बॉडी) की सदप्रेरणा से कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ दीक्षा आरंभ (इंडक्शन) एवं विदाई समारोह जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधा भेंट कर अतिथि स्वागत के साथ हुआ। अग्रवाल कॉलेज कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को आगामी भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन का परम कर्तव्य माता पिता का सम्मान, अनुशासन और भविष्य के प्रति योजनाएं बनाना प्रमुख है।

डॉ सी एस वशिष्ठ ने भी विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और कठिन परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र बताया। विंग 1 इंचार्ज डॉ सचिन गर्ग ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी परीक्षा को गंभीरता से लेने एवं सकारात्मक सोच को बनाए रखने को कहा। समारोह ने नृत्य, गायन, रैंप वॉक जैसी अनेक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभवो को भी साझा किया। निर्णायक मंडल के रूप में डॉ नीरू गुप्ता(प्रिंसिपल अग्रवाल कॉलेज लॉ फॉर वूमेन) डॉ शिल्पा गोयल (प्रबंधन विभाग अध्यक्ष),मिस शैली मालिक उपस्थित रही। अनेक रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच बी.कॉम से मिस्टर फेयरवेल: चिराग, मिस फेयरवेल: धारणा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर: ममता | एम.कॉम से मिस्टर फेयरवेल: मोंटी, मिस फेयरवेल: अंजली, स्टूडेंट ऑफ द ईयर: प्राची | बीसीए से मिस्टर फेयरवेल: रोहित, मिस फेयरवेल: नंदिनी, स्टूडेंट ऑफ द ईयर: इशिका | एमसीए से मिस फेयरवेल: मुस्कान चुने गए ।

वाणिज्य एवं कंप्यूटर विभाग के सभी सहायक प्रवक्ताओं एवं तकनीकी सहायकों के सहयोग से यह विदाई समारोह यादगार रूप में सफल रहा।